Associate Director Training
Despatch No 5300-5302
Dated 29/1/2026

# प्रैस नोट

**सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा प्रदेश के बेरोजगार अनुसूचित जाति/जनजाति के युवाओं से विभिन्न प्रशिक्षणों हेतु आवेदन आमंत्रण**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविधालय हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा पाँच दिवसीय "फल एवं सब्जी परीरक्ष्ण, बेकरी, नर्सरी रेजिंग, स्प्रे तकनीक, कटाई एवं सिलाई" पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे जिसमे प्रदेश के अनुसूचित जाति/जनजाति के बेरोजगार युवक/युवतियों से इस प्रशिक्षण मे भाग लेने हेतु 13 फ़रवरी 2026 शाम 4.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक उम्मीदवार संस्थान मे पहुँचकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फार्म संस्थान के कार्यालय मे उपलब्ध है जिसे भर कर और साथ मे जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, फोटो, दसवीं उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र, अन्य किसी विशेष प्रमाण-पत्र इत्यादि के दस्तावेजों की प्रति साथ लगाना अति आवश्यक है। यह संस्थान विश्वविधालय के गेट नंबर 3, लूदास रोड पर स्थित है। यह प्रशिक्षण बिल्कुल नि:शुल्क है और प्रशिक्षण में पूरी अवधि मे भाग लेने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की तरफ से प्रमाण-पत्र और स्कीम के तहत सहायता सामग्री देने का भी प्रावधान है। प्रशिक्षण का समय सुबह 9 बजे से शाम 4.30 बजे तक रहेगा। प्रशिक्षण मे भाग लेने हेतु उम्मीदवार को यह सुनिश्चित/प्रमाणित करना होगा कि उम्मीदवार या उसके परिवार के किसी भी अन्य सदस्य ने इससे पहले कभी भी चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के किसी भी संबन्धित संस्थान या कृषि विज्ञान केंद्र से कोई सहायता प्रदत स्कीम के तहत कोई प्रशिक्षण नहीं लिया।

दिनाँक : 29.01.2026

डॉ: ए. के. गोदारा
सह: निदेशक (प्रशिक्षण)
एस.एन.आई.ए.टी.टी.ई., हिसार

CC :
1 विस्तार शिक्षा निदेशक, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविधालय हिसार
2 मीडिया एडवाइजर, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविधालय हिसार
3. Incharge Computer Section, COBS&H, CCSHAU Hisar